एनएसपीएस त्रिपुला में गुरु नानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा पर हुए विविध आयोजन

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में गुरु नानक जयंती एवं कार्तिक पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने भाषणों, प्रेरणादायक नारों एवं आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से गुरु नानक के त्याग, बलिदान, आदर्शों और मानवता के संदेश को प्रस्तुत किया। गुरु नानक जयंती पर भाषण के माध्यम से छात्रा श्रेया ने गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला और छात्र तावी ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति में छात्रा अदिति ने मां गंगा और छात्र अमर्त्य जायसवाल ने गुरु नानक देव जी की वेशभूषा धारण कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन आराध्या और मानस ने किया। प्रधानाचार्य शर्मिला दास गुप्ता ने बताया कि गुरु नानक देव जी ने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से एकता, समानता, ईमानदारी, प्रेम और निस्वार्थ सेवा का मार्ग दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महापुरुषों के आदर्शों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन और व्यवहार में आत्मसात करें। साथ ही कार्तिक पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सेवा, दान, पवित्रता और सद्भावना को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य फैजान खान, आईटी हेड शिवकरन पाल, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, अजय सिंह, शाहीन खान, अंसारी मिंजा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।



एनएसबीवीएम में भी मनाई गई कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती

न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा व गुरु नानक देव जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्कूल के बच्चों ने गुरु नानक देव जी को श्रद्धा भक्तिपूर्वक याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु नानक जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय की छात्रा हर्षिता द्वारा सहपाठियों को नानक देव के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही कार्तिक पूर्णिमा मनाये जाने की पूर्ण कहानी समझाई। उन्होंने बताया कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान करने का विशेष महत्व है। इसे ''देव दिवाली'' भी कहा जाता है। इसी क्रम में शिक्षिका रविन्दर कौर ने नानक देव जी के जीवन पर विचार व्यक्तक करते हुए उन्हें एक सच्चा इंसान, सिख धर्म के संस्थापक और जाति-पाति का विरोधी बताया। वे सम्पूर्ण मानव जाति के जीवन के लिए पथ प्रदर्शक हैं, इसीलिए इस दिन को गुरु पर्व या प्रकाश पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। अंत में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा कि कार्तिक पूर्णिमा हिन्दू धर्मावलम्बियों तथा गुरु नानक देव जयंती (प्रकाश पर्व) सिख मतावलम्बियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। एक में पवित्र नदियों में स्नान और दान का विशेष महत्व है। तो दूसरे में गुरू नानक देव की शिक्षाएं एकेश्वरवाद, समानता, ईमानदारी, सेवाभाव, आडम्बरों का विरोध, समाजिक न्याय, सक्रिय जीवन और आचरण की पवित्रता निरन्तर जनमानस को प्रेरित करती रहेंगी। धर्म, सेवाभाव और देश के प्रति निष्ठा सिख सम्प्रदाय से बढ़कर अन्यत्र किसी में ही शायद देखने को मिलती हो। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम का 26 एवं 27 नवम्बर को होगा आयोजन

रायबरेली। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कर्नल सौरभ पन्त (अ.प्रा.) ने जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों, सैन्य विधवाओं, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि स्पर्श सेवा केन्द्र, लखनऊ द्वारा 26 एवं 27 नवम्बर 2026 को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली में स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी रक्षा पेंशन भोगियों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करने, पेंशन संबंधी शिकायतों के निस्तारण तथा स्पर्श पोर्टल से संबंधित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जनपद के समस्त रक्षा पेंशन भोगियों से अपील की जाती है कि वे स्पर्श संबंधी कार्यों के निस्तारण हेतु निर्धारित तिथियों में प्रात: 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, रायबरेली में अपने आवश्यक अभिलेखों यथा डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पी.पी.ओ., पंजीकृत मोबाइल फोन एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

डीएम व एसपी ने की डलमऊ कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में डलमऊ में आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेलाध्महोत्सव एवं मुख्य स्नान पर्व को सकुशल, सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 23, 24 एवं 25 नवम्बर 2026 को आयोजित होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेला एवं मुख्य स्नान पर्व के दृष्टिगत की जाने वाली व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई, प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। डीएम ने कहा कि मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। श्रद्धालुओं को आवागमन, स्नान एवं दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं का गंभीरतापूर्वक पर्यवेक्षण करें तथा किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने मेले के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखा जाए तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि कार्तिक पूर्णिमा मेला जनपद का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है। अत: सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए मेले को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) सहदेव मिश्र, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, उप जिलाधिकारी डलमऊ श्याममणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरिजा शंकर त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कारागार में विशेष स्वगणना अभियान आयोजित

रायबरेली। अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी सहदेव मिश्र ने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान को प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से निर्धारित दिवसवार कार्यक्रम के क्रम में आज जिला कारागार, रायबरेली में विशेष स्वगणना अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान जिला कारागार के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वगणना की प्रक्रिया, इसके महत्व तथा जनगणना में सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें स्वगणना की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करते हुए इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला जनगणना अधिकारी सहदेव मिश्र ने बताया कि जनगणना देश की सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्रित करने का राष्ट्रीय कार्य है। इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, नीतियों एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विकास, सामान और अधिकार, ताकत से नहीं बल्कि भावनाओं विचारधारा से ही हो सकता है: मनोज कुमार पाण्डेय

रायबरेली। ऊंचाहार, रोहनिया में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री और ऊंचाहार के विधायक मनोज कुमार पांडे द्वारा ग्राम पंचायत रायपुर में पांच कि.मी. की सड़क रायपुर से लेकर रोहनिया तक का लोकापर्ण किया गया। वहीं धनही से मवई तक की सड़क का शिलान्यास किया गया एवं इटौरा के ग्राम रायपुर में तीन दशक की समस्याओं को दूर करते हुए उन्हें पक्की नहर मार्ग से जोड़ने का लोकार्पण किया गया। विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए श्री पांडे ने कहा कि 'विकास, सम्मान और अधिकार के लिए इच्छा शक्ति के साथ-साथ भावनाएं भी होनी चाहिए। सर्व समाज का विकास करने के लिए व्यक्ति को जात पात, छोटे और बड़े के भेदभाव से अलग रखना होगा। श्री पांडे ने कहा कि आज ऊंचाहार के उन गरीब, कमजोर, पिछड़े और दलित भाईयों की भी बस्तियों में इंटरलॉकिंग, उन्हें मुख्य मार्ग से जोड़े जाने, उन्हें रहने के लिए आवास, खाद्यान्न के लिए राशन कार्ड और इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया गया है। ये मोदी और योगी की भाजपा की ही सरकार में संभव हो पाता।ष् श्री पांडे ने कहा कि' कुछ लोग कुछ लोगों के विकास और कुछ लोगों को अधिकार दिलाने को ही विकास मानते हैं, जबकि असली विकास वो होता है जिसमें सभी वर्ग समाज और छोटे और बड़े का अंतर घटा करके कमजोर के लिए काम किया जाए। श्री पांडेय ने कहा कि 55 साल तक देश में कांग्रेस ने केंद्र व राज्य में अपनी सत्ता चलाने का काम किया गरीबी हटाओ देश बचाओ का नारा देकर आने वाली कांग्रेस ने प्रदेश और देश में गरीबों को ही खत्म करने का काम किया। श्री पांडे ने कहा कि आज कुछ लोग जात के नाम पर प्रदेश में बांटना चाहते हैं, उन्हें पहले अपनी तीन सरकारों की काली करतूत को देखना होगा, जब आरक्षण को दर किनार करके लोगों ने दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को लूटने का काम किया। श्री पांडे ने कहा कि एक समय था विकासखंड रोहनिया प्रदेश के सबसे पिछड़े, गरीब, कमजोर और विकास से अछूते विकासखंड में चुना जाता है। आज तीन बार के कार्यकाल में रोहनिया के लोग पक्की सड़कों से नए हॉस्पिटल से नए सब स्टेशन से और पक्के आवासों से जुड़ पाए हैं। श्री पांडे ने कहा कि चुनाव केवल लड़ना और जीतना ही मुख्य उद्देश्य नहीं है बल्कि हर गरीब के घर में खुशियाली लाना, उसे सरकार की योजनाओं से जोड़कर अधिकार संपन्न बनाना ही जीवन का मुख्य उपदेश हैं। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश पासी, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार पासी, प्रधान विश्राम पटेल, प्रधान रोशन पटेल, प्रधान मिर्जापुर ऐहारी बब्बन पटेल, प्रधान मरियानी, प्रधान संदीप सेन, प्रधान पवन तिवारी, डॉ. हर्षवर्धन द्विवेदी, शिवपूजन द्विवेदी, पंडित बिंदेश्वरी तिवारी, प्रधान दिलीप सिंह आदि प्रमुख रहे।

सर्व समाज की भागीदारी ही असली विकास की पहचान है: मनोज कुमार

वन स्टाप सेन्टर का सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया निरीक्षण

रायबरेली। अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली सै. माऊज बिन आसिम के दिशा-निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनिशा द्वारा आज वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने सेन्टर मैनेजर आस्था ज्योति से वन स्टाप सेन्टर की कार्यप्रणाली एवं महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। सेन्टर मैनेजर द्वारा केन्द्र में पीड़ित एवं जरूरतमंद महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं से अवगत कराया गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि महिलाओं से संबंधित किसी भी समस्या के संबंध में प्रार्थना पत्र प्राप्त होने पर उसे तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्र में आने वाली नवागंतुक बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही नियमानुसार चिकित्सकीय एवं मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता तथा दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे उन्हें समुचित सहायता एवं संरक्षण मिल सके।

विजेता छात्र-छात्राओं को डीएम एवं एसपी ने प्रमाण-पत्र व पुरस्कार प्रदान कर किया सम्मानित

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित जनपद स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

रायबरेली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीच) के अंतर्गत जनपद रायबरेली में आयोजित जनपद स्तरीय निबंध एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार द्वारा प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं एवं भावी मतदाताओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया तथा मतदान के महत्व के प्रति जागरूक करना है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से लोकतंत्र और अधिक सशक्त एवं मजबूत बनता है। जनपद रायबरेली में 18 नवम्बर 2026 को आयोजित निबंध एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिसमें निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित विद्यार्थियों का विवरण-राणा बेनी माधव सिंह इंटर कॉलेज रायबरेली की सबा बानो-प्रथम स्थान, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बसाढ़ रायबरेली की सोनी-द्वितीय स्थान, जनता इंटर कॉलेज पाहो रायबरेली की शहरुनिशा-तृतीय स्थान, पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रायबरेली की मानसी-चतुर्थ स्थान एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बसाढ़ रायबरेली सिमरन दू पंचम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता में जनता इंटर कॉलेज गूढ़ा शिवगढ़ रायबरेली के आदित्य साहू-प्रथम स्थान, पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कुँवरमऊ रायबरेली के अभिषेक- द्वितीय स्थान, विश्वनाथ सिंह स्मारक इंटर कॉलेज अरखा रायबरेली की सपना-द्वितीय स्थान, जनता इंटर कॉलेज पाहो रायबरेली के रौनक-तृतीय स्थान, हरनारायण इंटर कॉलेज ऊँचाहार रायबरेली की सलोनी-चतुर्थ स्थान, राजकीय इंटर कॉलेज हलोर रायबरेली की अंशिका सिंह-पंचम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि निबंध एवं प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में निर्वाचन संबंधी जानकारी, जागरूकता एवं रचनात्मक सोच विकसित करने का प्रभावी माध्यम हैं। साथ ही, विद्यार्थियों के माध्यम से उनके परिवारों एवं समाज के अन्य लोगों तक भी मतदान के महत्व का संदेश पहुंचता है। पुलिस अधीक्षक ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए मतदाताओं का जागरूक होना आवश्यक है। सभी विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) सहदेव मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, प्रधानाचार्य एवं जिला ईएलसी कोऑर्डिनेटर डॉ. राजेश कुमार यादव सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण तथा निबंध एवं प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी का रेहरा बाजार में प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी के जनपद बलरामपुर की विधानसभा उतरौला अंतर्गत रेहरा बाजार में प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने उनका हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री का आगमन संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए उत्साह,ऊर्जा और नई प्रेरणा का संचार करने वाला है। उनका व्यापक अनुभव,संगठनात्मक कौशल एवं कुशल मार्गदर्शन निश्चित रूप से पार्टी संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा वैभव सिंह,उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह,राकेश तिवारी सहित भाजपा के सम्मानित पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन की एकजुटता,कार्यकर्ताओं के समर्पण और नेतृत्व के मार्गदर्शन को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया।



धर्मांतरण के आरोप में 10 गिरफ्तार

अमेठी। विभिन्न राज्यों में कथित तौर पर धर्मांतरण अभियान चला रहे 10 लोगों को अमेठी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बताया कि सिंदूरवा गांव के कुछ लोगों ने कमरौली थाने में शिकायत की थी कि कुछ बाहरी लोग अमेठी में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर स्थानीय पुलिस से तत्काल घटनास्थल की वीडियोग्राफी कराई गई।बताया कि पुलिस जांच के दौरान 10 लोग प्रवचन देते हुए पाए गए। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला कि इन 10 लोगों में से पांच महाराष्ट्र के हैं जबकि दो उत्तराखंड के एक आजमगढ़ का एक ओडिशा का और बाकी दो स्थानीय निवासी हैं। पूछताछ में यह भी पता चला कि ये लोग वित्तीय सहायता चिकित्सीय मदद और शिक्षा सुविधाओं का प्रलोभन देते हुए लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रेरित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मौके से कई किताबें और प्रचार-प्रसार सामग्री भी बरामद की गई है।बताया कि घटनास्थल पर एक जाति विशेष के लोगों का धर्मांतरण किया जा रहा था और उन्हें दूसरा नाम दिया जा रहा था।

धान खरीद में अब तक 1411 मीट्रिक टन की खरीद, 1234 किसानों का सत्यापन पूरा

बलरामपुर। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जनपद में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ दिलाने के लिए धान खरीद का कार्य जारी है। 20 नवंबर तक जिले में कुल 1411.76 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। जिले में धान खरीद के लिए 37 केंद्र अनुमोदित किए गए हैं, जिनमें से 34 केंद्रों पर केंद्र प्रभारियों की तैनाती कर खरीद की जा रही है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार खाद्य विभाग के केंद्रों पर 724.32 मीट्रिक टन, पीसीएफ के केंद्रों पर 254.11 मीट्रिक टन तथा यूपीएसएस के केंद्रों पर 433.34 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। जिले में खाद्य विभाग के 13, पीसीएफ के 10, यूपीएसएस के 13 और भारतीय खाद्य निगम का एक केंद्र स्वीकृत है। वर्तमान में खाद्य विभाग के 10, पीसीएफ के 10, यूपीएसएस के 13 तथा भारतीय खाद्य निगम के एक केंद्र पर खरीद की व्यवस्था संचालित है। खाद्य विभाग के तीन केंद्रों पर प्रभारी नियुक्त करने के लिए पत्र भेजा गया है। धान खरीद के साथ किसानों के भुगतान की प्रक्रिया भी चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार 955.34 मीट्रिक टन धान का निर्धारित मानकों के अनुसार परीक्षण दर्ज किया गया है, जबकि 347.43 मीट्रिक टन धान के सापेक्ष भुगतान की प्रगति दर्ज की गई है। इसमें 159.58 मीट्रिक टन धान के संबंधित मद में भुगतान लंबित तथा 187.85 मीट्रिक टन धान का अवशेष भुगतान दर्शाया गया है। धान बिक्री के लिए जिले में कुल 1583 किसानों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 1234 किसानों का सत्यापन पूरा हो चुका है। तहसील बलरामपुर में 478 किसानों के पंजीकरण के सापेक्ष 410, तुलसीपुर में 1047 के सापेक्ष 795 तथा उतरौला में 58 के सापेक्ष 29 किसानों का सत्यापन किया गया है। क्रय केंद्रों पर आवश्यक उपकरण और व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के साथ खरीद प्रक्रिया को ऑनलाइन संचालित किया जा रहा है। पीसीएफ के बरगदही केंद्र पर ई-पॉप मशीन में डाटा फीडिंग सहित व्यवस्थाएं पूर्ण कर ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है। वहीं हुसैनाबाद ग्रंट केंद्र पर नमी मापक यंत्र में आई तकनीकी खराबी को मरम्मत के बाद दूर कर दिया गया है। विभाग का कहना है कि किसानों को एमएसपी का लाभ दिलाने के लिए धान खरीद लगातार जारी है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

अमेठी। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली नारों के जरिए सड़क सुरक्षा का संदेश देते हुए आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान विद्यार्थियों ने हेलमेट पहनने सीट बेल्ट लगाने निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने यातायात संकेतों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों को अपने पोस्टरों एवं स्लोगन के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित यातायात व्यवहार को जनमानस की आदत में शामिल करना रहा।

प्रदेश स्तरीय समीक्षा में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और योजनाओं की प्रगति पर मंथन

बलरामपुर। प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन ने रविवार को वर्चुअल माध्यम से प्रदेश स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में बलरामपुर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के नेतृत्व में जनपद स्तरीय अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्द्धस्रस्रश्चड्डक्क एवं ष्टष्ट्ठङ्कह्स्र के एकीकरण, वास्तविक आंकड़ों और एनएचएम पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों की तुलनात्मक स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही वेक्टर जनित और गैर संचारी रोगों के उपचार, दवाओं की उपलब्धता तथा मरीजों की नियमित निगरानी की स्थिति पर भी मंथन हुआ। डीवीडीएमएस पोर्टल और औषधि उपभोग संबंधी रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान आवश्यक दवाओं, ईडीएल दवाओं और कंज्यूमेबल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण तथा सीएचसी और पीएचसी पर मानक के अनुसार चिकित्सकों की तैनाती को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। वित्तीय वर्ष 2026-27 के आवंटित बजट के प्रभावी उपयोग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजनाओं में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के प्रयासों और डेथ ऑडिट की स्थिति की समीक्षा की गई।

अंकुरण की महिला शक्ति ने संभाली सेवा की कमान

सुल्तानपुर। समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था अंकुरण फाउंडेशन ने मानिक मंदिर विद्यालय में इस जर की शुरुआत में गर्म कपड़े बताकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया गरम कपड़ा वितरण का समारोह जनपद की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शालिनी पाण्डेय के संयोजन में आयोजित किया गया जहाँ संवेदनाएँ नेतृत्व करती हैं और युवा ऊर्जा सेवा का संकल्प बनती है, वहाँ खुशियाँ अपने आप मुस्कुराने लगती हैं। सर्दियों की शुरुआत के साथ ही *अंकुरण फाउंडेशन सुल्तानपुर* ने सेवा और संवेदना की एक खूबसूरत पहल करते हुए आज मानसिक मंदित विद्यालय, भाईं में बच्चों को नई जैकेट, हुडी एवं स्वेटर उपलब्ध कराए।इस अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान और उनकी खुशी ने उपस्थित सभी लोगों का मन भावुक कर दिया। किसी जरूरतमंद को ठंड से बचाने के साथ-साथ उसे अपनत्व और सम्मान का एहसास कराना ही इस पहल का वास्तविक उद्देश्य है। महिला शक्ति की अगुवाई, युवा टीम का समर्पण*इस सेवा अभियान में अंकुरण फाउंडेशन की महिला टीम ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए पूरे कार्यक्रम की अगुवाई की। वहीं युवा साथियों ने उत्साह, ऊर्जा और सहयोग के साथ इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। महिला शक्ति की संवेदनशीलता और युवाओं की सक्रियता का यह संगम अंकुरण परिवार की एकजुटता और सेवाभाव को दर्शाता है। पूरे शीतकाल चलेगा सेवा का अभियान अंकुरण फाउंडेशन का संकल्प है कि यह सेवा केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहेगी। पूरे ठंड के मौसम में *अंकुरण कपड़ा बैंक%* के माध्यम से जरूरतमंदों एवं असहाय परिवारों तक गर्म कपड़े, जैकेट, स्वेटर और कंबल पहुँचाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।हमारा प्रयास है कि इस सर्दी कोई भी जरूरतमंद गर्म कपड़ों के अभाव में ठिठुरने को मजबूर न हो। आज की सेवा यात्रा में सहभागी अंकुरण परिवारडॉ. शालिनी पांडेय, नैवेद्य, नंदनी, सविता दीदी एवं सहयोगी, रेनू दीदी, पल्लवी दीदी एवं सहयोगी, गायत्री दीदी, सुचित्रा दीदी, प्रतिमा सिंह, सत्यम, प्रतीक, अनुराग श्रीवास्तव एवं मनीष राज। इन सभी साथियों का सेवाभाव और समर्पण इस पहल की वास्तविक ताकत है।किसी जरूरतमंद को दिया गया गर्म कपड़ा सिर्फ उसके शरीर को ठंड से नहीं बचाता, बल्कि उसके मन में यह विश्वास भी जगाता है कि समाज में उसकी परवाह करने वाले लोग मौजूद हैं।

मानसिक मंदित विद्यालय, भाईं के बच्चों को जैकेट, हुडी एवं स्वेटर भेंट कर बाँटी खुशियाँ और अपनत्व की गर्माहट

रैगिंग के दलदल में फसता जा रहा सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज

सुल्तानपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय दूबेपुर में रैगिंग प्रकरण में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक आज फिर बुलाई गई है। बताया जा रहा है कि कोरम पूरा न होने के कारण पहले की बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं हो सका था। इसी वजह से कमेटी को दोबारा बैठक करनी पड़ रही है। इधर पीड़ित एमबीबीएस छात्र ने कॉलेज प्रशासन को मेल कर बैठक में शामिल न हो पाने पर दुख जताया है। छात्र ने मेल में लिखा है कि वह खुद को कॉलेज परिसर में असुरक्षित महसूस कर रहा है, इसलिए व्यक्तिगत रूप से बैठक में उपस्थित नहीं हो सकता। छात्र ने कमेटी से मांग की है कि उसे वीडियो कॉल के माध्यम से बैठक से जोड़ा जाए, ताकि वह अपना पक्ष सीधे कमेटी के सामने रख सके। छात्र का कहना है कि बिना उसका पक्ष सुने की गई जांच निष्पक्ष नहीं मानी जाएगी। पीड़ित छात्र पहले भ